दिनांक 09.01.2026 को मुख्य अभियंता(पटना), भवन निर्माण विभाग, पटना की अध्यक्षता में **Provision of Fire Fighting works including Construction of Underground Tank,Wet Riser works and supply of Fire Extiguishers in the campus of Sub Divisional Court,Danapur, Patna** के निर्माण कार्य के तकनीकी बीड पर विचार करने हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाहीः-

उपस्थितिः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | श्री ब्रजेश कुमार,<br>मुख्य अभियंता(पटना),<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। | - | अध्यक्ष |
| (ii) | श्री सुभाष कुमार,<br>अधीक्षण अभियंता,<br>पटना भवन अंचल, पटना। | - | सदस्य |
| (iii) | श्री मलय कुमार सिन्हा,<br>कार्यपालक अभियंता,<br>पटना पश्चिम भवन प्रमंडल, दानापुर। | - | सदस्य |

कार्यवाहीः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | योजना का नाम | - | **Provision of Fire Fighting works including Construction of Underground Tank,Wet Riser works and supply of Fire Extiguishers in the campus of Sub Divisional Court, Danapur,Patna** |
| 2. | योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | - | ₹75,04,400.00 (सचिव, विधि विभाग का ज्ञापांक 6367/जे0, पटना दिनांक 09.10.2024) |
| 3. | योजना की तकनीकी स्वीकृति की राशि | - | ₹72,25,600.00 (मुख्य अभियंता(नि0) का पत्रांक 21(नि0)अनु0 दिनांक-03.01.2025) |
| 4. | विषयांकित कार्य हेतु परिमाण विपत्र की राशि | - | ₹71,37,655.00 |
| 5. | निविदा आमंत्रण कि तिथि | - | 17.11.2025 |
| 6. | निविदा प्राप्त (डाउनलोड) करने की प्रारंभ तिथि | - | 10.12.2025 |
| 7. | निविदा जमा (अपलोड) करने की अंतिम तिथि | - | 01.01.2026 |
| 8. | कार्य समाप्ति की अवधि | - | 6 माह |
| 9. | प्री-बीड बैठक की तिथि समय एवं स्थान | - | दिनांक 18.12.2025 को अधीक्षण अभियंता, पटना भवन अंचल, पटना एवं दिनांक 19.12.2025 को मुख्य अभियंता (पटना) के कार्यालय कक्ष में। |
| 10. | निविदा प्रसारण का माध्यम | - | ई-निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| 11. | निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम | - | दैनिक समाचार पत्र में एवं www.eproc2.bihar.gov.in |
| 12. | टेन्डर आई0डी0 | - | 119533 |
| 13. | निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता | - | (i) RAJESH KUMAR<br>(ii) M/S Shekhar Enterprises<br>(iii) Ravindra Kumar<br>(iv) Kamlesh Singh<br>(v) M/S Baba Contractor |

14. <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाहीः-</u>

<u>विषयांकित कार्य के प्रथम निविदा की कार्यवाहीः-</u>

विषयांकित कार्य की प्रथमवार आमंत्रित निविदा में कुल चार निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया था। चारों निविदाकार के तकनीकी बीड के अभिलेखों को अधीक्षण अभियंता, पटना भवन अंचल, पटना के पत्रांक 336 अनु0 दिनांक 27.02.2024 द्वारा मूल्यांकन हेतु भेजा गया है। दिनांक 15.04.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में प्रथमवार आमंत्रित निविदा त्रुटिपूर्ण पाये जाने के कारण आमंत्रित निविदा को रद्द करने एवं शीघ्रताशीघ्र पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया था।

**विषयांकित कार्य के द्वितीयवार आमंत्रित निविदा की कार्यवाहीः-**

दिनांक 07.07.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में द्वितीयवार आमंत्रित निविदा में सिर्फ एक ही निविदाकार के भाग लेने से समुचित प्रतिस्पर्धा का अभाव होने के कारण आमंत्रित निविदा को रद्द कर एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ शीघ्रतिशीघ्र पुनर्निविदा का निर्णय लिया गया।

**विषयांकित कार्य के तृतीयवार आमंत्रित निविदा की कार्यवाहीः-**

दिनांक 12.09.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में न्यूनतम निविदाकार के वित्तीय बीड को अमान्य करते हुए आमंत्रित निविदा को रद्द कर एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ शीघ्रतिशीघ्र पुनर्निविदा का निर्णय लिया गया।

**वर्तमान में आमंत्रित चतुर्थवार आमंत्रित निविदा की कार्यवाहीः-**

विषयांकित कार्य की निविदा में उपरोक्त पाँच निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया है। उक्त पाँचों निविदाकार के तकनीकी बीड के अभिलेखों को अधीक्षण अभियंता, पटना भवन अंचल, पटना के पत्रांक-31 अनु0 दिनांक-08.01.2026 द्वारा मूल्यांकन हेतु भेजा गया है। आमंत्रित निविदा के एन0आई0टी0 के कंडिका-11 अंकित है कि ''कोई भी संवेदक जो केन्द्रीय/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्रों में निबंधित हो अथवा अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय स्तर के हो, ई-निविदा में भाग ले सकते हैं, परन्तु इस राज्य में भवन निर्माण विभाग का रजिस्ट्रेशन कराना, उक्त कार्य का लेटर ऑफ एक्सेपटेंस प्राप्त होने के बाद अथवा एकरारनामा से पूर्व अनिवार्य होगा''। विदित हो कि विषयांकित योजना के परिमाण विपत्र की राशि ₹2.00 करोड़ से कम है। अतएव विषयांकित कार्य की निविदा SBD आधारित ना होकर F2 के निविदा शर्तों के अनुपालन में होनी चाहिए। इस कारण आमंत्रित निविदा को त्रुटिपूर्ण पाते हुए एवं प्राप्त तकनीकी बीड का मूल्यांकन नही करने का निर्णय लिया गया तथा आमंत्रित निविदा को रद्द करने की अनुशंसा की गई।

15. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णयः-**

सम्यक विचारोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विषयांकित कार्य की निविदा त्रुटिपूर्ण पाये जाने के कारण आमंत्रित निविदा को रद्द करने एवं शीघ्रताशीघ्र पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया एवं मुख्य अभियंता(पटना) को प्राधिकृत किया गया।

इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड की जाय।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| ह0/- | ह0/- | ह0/- |
|---|---|---|
| **(मलय कुमार सिन्हा)** | **(सुभाष कुमार)** | **(ब्रजेश कुमार)** |
| कार्यपालक अभियंता, | अधीक्षण अभियंता, | मुख्य अभियंता(पटना), |
| पटना पश्चिम भवन प्रमंडल, दानापुर | पटना भवन अंचल, पटना | भवन निर्माण विभाग, |
| | | बिहार, पटना। |

ज्ञापांक-भवन/मु0अभि0(प0)यो0प्रा0-1-147/2023 –106 (D) पटना, दिनांक-29.01.26

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(ब्रजेश कुमार)
मुख्य अभियंता(पटना),
भवन निर्माण विभाग, पटना।